दिन—शनिवार दिनांक— 21 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि — 05 मिनट

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न भागों में रूक—रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि कल शाम से ही तेज आंधी के साथ रूक—रूक कर हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। कई स्थानों पर तेज आंधी के कारण पेड़ और बिजली के खंभे गिरने के समाचार हैं। बारिश के कारण कई स्थानों पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। इस बारिश से गेहूं, दलहन और आम और लीची के मंजर को काफी नुकसान पहुंचा है। अररिया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में आंधी—बारिश और ओलावृष्टि से पलासी, फारबिसगंज, नरपतगंज, अररिया सदर प्रखंड सहित कई प्रखंडों में मक्के की फसल की भारी क्षति हुई है। फारबिसगंज थाना क्षेत्र के दरभंगिया टोला में कच्चे घर और दीवार गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, आंधी के कारण आम के मंजर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। दूसरी तरफ, शिवहर, दरभंगा, मधुबनी, मुंगेर, सुपौल समेत अन्य स्थानों पर बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है।

———————————————————————————

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान समस्तीपुर के मोईनुद्दीन नगर में पचहत्तर दशमलव चार और बेगूसराय के छौराही में बहत्तर दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग ने कहा है कि आज राज्य के अधिकांश हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश, मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका है। विभाग ने अगले दो से तीन घंटों के दौरान भोजपुर, दरभंगा, पूर्वी चंपारण, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, पटना, समस्तीपुर, सारण, शिवहर, सीतामढ़ी और वैशाली जिले के कुछ हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

———————————————————————————

ईद–उल–फित्र का त्योहार आज देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ईद को रमजान के महीने की समाप्ति का प्रतीक भी माना जाता है। अकीदतमंदों ने ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की। राजधानी पटना के गांधी मैदान और शाही ईदगाह गुलजारबाग में ईद की नमाज अदा की गयी। इधर, ईद को लेकर प्रदेशभर में उत्सव का माहौल है। लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देने के साथ ही सलामती की दुआ कर रहे हैं। ईद–उल–फित्र के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह तथा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत अन्य गणमान्य लोगों ने प्रदेश के लोगों को ईद की बधाई दी है।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ईद–उल–फित्र के अवसर पर खानकाह–मुजिबिया, फुलवारीशरीफ, पटना सिटी के मित्तनघाट जाकर लोगों को ईद की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने राज्य की सुख, शांति और समृद्धि की कामना भी की।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने आयकर नियम, दो हजार छब्बीस अधिसूचित कर दिए हैं। ये नियम, पहली अप्रैल से प्रभावी होंगे। नए नियमों का उद्देश्य अनुपालन को बढ़ाना और नियमों की संख्या कम करके कर प्रक्रियाओं को सरल बनाना है।

————————————————————————

आसनसोल मंडल के विभिन्न खंडों में निर्माण कार्य के कारण कल जसीडीह–झाझा मेमू पैसेंजर, झाझा–देवघर मेमू पैसेंजर, बर्द्धमान–झाझा मेमू पैसेंजर, जसीडीह–बांका मेमू पैसेंजर समेत छह ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। वहीं देवघर–पटना मेमू को झाझा से आंशिक रूप से प्रारंभ किया जाएगा। इसके अलावा धनबाद–पटना एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से अस्सी मिनट विलंब से चलेगी।

————————————————————————

बिहार दिवस समारोह कल मनाया जाएगा। बाईस मार्च उन्नीस सौ बारह को बिहार, बंगाल से अलग होकर एक स्वतंत्र राज्य बना था। इस साल बिहार दिवस का थीम–**'उन्नत बिहार–उज्ज्वल बिहार' है।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल पटना के गांधी मैदान में बाईस से चौबीस मार्च तक चलने वाले समारोह का उद्घाटन करेंगे।

———————————————————————————

बक्सर नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक रेस्टोरेंट में छापेमारी कर भारी मात्रा में घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किया है। अनुमंडल पदाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि रेस्टोरेंट के संचालक पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।